7 अप्रैल 2026
मंगलवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



बक्सर पुलिस ने 6 घंटे में अपहृत युवक को किया बरामद, सख्त घेराबंदी से टूटा अपराधियों का प्लान

2



## एक नजर

### एअर इंडिया ने इजराइल के लिए उड़ानें 31 मई तक रद्द की

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एअर इंडिया ने नई दिल्ली-तेल अवीव रूट पर 31 मई तक उड़ानें रद्द कर दी हैं। तेल अवीव के लिए ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस पहले ही अपनी उड़ानें बंद कर चुकी हैं। फिलहाल एल अल, इस्राएर, अर्किया और एयर हाइफा ही सीमित सेवाएं चला रही हैं। फ्लाइट सस्पेंड होने से 40 हजार से ज्यादा भारतीय प्रभावित हुए हैं। भारत आने के लिए उन्हें जॉर्डन या मिस्त्र के रास्ते जाना पड़ रहा है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने 24 घंटे की हेल्पलाइन शुरू की है। रजिस्ट्रेशन अभियान भी चला रहा है।राजदूत जेपी सिंह ने भारतीय कामगारों और छात्रों से वर्चुअल बातचीत कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया। नई दिल्ली-तेल अवीव के बीच सीधी उड़ान सेवा 1 जनवरी से शुरू हुई थी, जिसमें सप्ताह में चार फ्लाइट बोइंग 787 ड्रीमलाइनर से संचालित की जा रही थीं।

### सुप्रीम कोर्ट ने मालदा हिंसा मामले में बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मालदा हिंसा मामले में बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों से कहा, 'यह आपकी और आपके प्रशासन की सरासर नाकामी है।' सुप्रीम कोर्ट ने यह फटकार उन्हें पिछले हफ्ते मालदा में चुनाव अधिकारियों को बंधक बनाए जाने के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन न उठाने के लिए मिली। अधिकारी ने जब अपने बचाव में सुप्रीम कोर्ट में जवाब दिया कि वह फ्लाइट में थे और उन्हें कोई फोन नहीं आया, तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर उन्होंने अपना नंबर शेयर किया होता, तो उन्हें शाम को फोन मिल जाता। सुप्रीम कोर्ट में जब अधिकारी ने माफी मांगी और उनके वकील सफाई देने लगे, तो नाराज जज ने कहा, 'उनका बचाव मत करो।' सुप्रीम कोर्ट ने बंधक बनाए जाने की घटना पर नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की रिपोर्ट का अध्ययन किया और कहा कि अब यह मामला केंद्रीय एजेंसी पूरी तरह से स्थानीय पुलिस से अपने हाथ में ले लेगी।

## सरकार का रवैया कोरोना महामारी जैसा : राहुल गांधी ने एलपीजी संकट को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

- एलपीजी गैस संकट को उसी तरह संभालेंगे जैसे हमने कोविड को संभाला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में तनाव चल रहे है। अब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रही है। इसी बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एलपीजी गैस संकट से उसी तरह निपटा है, जैसे उन्होंने कोविड-19 महामारी से निपटा था। उन्होंने आगे कहा कि क्योंकि यह नीति से रहित, केवल बड़ी-बड़ी घोषणाओं से भरा है। इसका पूरा बोझ गरीबों पर डाल दिया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सवाल उठाया कि हर संकट में सबसे पहले गरीब ही क्यों मरते हैं? वहीं, लोगों से चुप न रहने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने एक्स के एक पोस्ट में कहा, "मोदी जी ने कहा था 'हम एलपीजी गैस संकट को उसी तरह संभालेंगे जैसे हमने कोविड को संभाला था।' और वास्तव में, उन्होंने ठीक वैसा ही किया।

### मजदूर टूटने की कगार पर

उन्होंने आरोप लगाया कि ॠपरिणाम क्या हुआ? शहर छोड़कर गांव भाग जाना। कपड़ा मिलों और कारखानों की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले मजदूर आज खुद टूटने की कगार पर हैं।ॠ उन्होंने आगे कहा, ॣवस्त्र क्षेत्र पहले से ही आईसीयू में है। विनिर्माण क्षेत्र सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहा है। और इस संकट की जड़ कहां है? उस कूटनीतिक चूक से - जो वार्ता की मेज पर हुई - जिसे सरकार आज तक स्वीकार करने से इनकार करती है।ॣ राहुल गांधी ने मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जब अहंकार नीति बन जाता है, तो अर्थव्यवस्था चरमरा जाती है, मजदूर पलायन करने को मजबूर हो जाते हैं, उद्योग बर्बाद हो जाते हैं और पूरा देश दशकों पीछे चला जाता है।

### सबसे पहले गरीब ही क्यों मरते हैं?

उन्होंने आगे कहा, ॣएक ही सवाल बाकी है, हर संकट में सबसे पहले गरीब ही क्यों मरते हैं? चुप मत रहो। यह सिर्फ गरीबों का सवाल नहीं है; यह हम सभी का सवाल है।ॣ 23 मार्च को संसद में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न कठिन वैश्विक परिस्थितियां लंबे समय तक बनी रहने की संभावना है। उन्होंने राष्ट्र से कोविड-19 महामारी के दौरान एकजुट रहने की तरह ही तैयार और एकजुट रहने का आह्वान किया था। पिछले सप्ताह, प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में युद्ध के प्रभाव से भारतीय नागरिकों की रक्षा के लिए सर्वोत्तम प्रयास करने का आह्वान किया था। इसके साथ ही किसी भी गलत सूचना या अफवाह फैलाने से बचने के लिए एक समयबद्ध और प्रामाणिक सार्वजनिक सूचना प्रणाली पर जोर दिया था।


## शरद पवार और अठावले समेत राज्यसभा के नए सदस्यों ने ली शपथ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एनसीपी-एससीपी नेता शरद पवार और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले सहित राज्यसभा के 19 नए सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। राज्यसभा अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में शपथ ली गई। राज्यसभा कक्ष में आयोजित समारोह के दौरान उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे। सदन में संबंधित दलों के सदन नेता भी उपस्थित थे। नव निर्वाचित सदस्यों में महाराष्ट्र से पांच, तमिलनाडु से छह, पश्चिम बंगाल से पांच और ओडिशा से तीन सदस्य शामिल थे। महाराष्ट्र में भाजपा इकाई की माया चिंतामन इवानते ने सबसे पहले शपथ ली, उसके बाद पवार ने शपथ ली, जो व्हीलचेयर पर पहुंचे थे। रामराव सखाराम वडकुटे (भाजपा), ज्योति नागनाथ वाघमारे (एसएस) और अठावले (आरपीआई-ए) ने भी उच्च सदन में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों के रूप में शपथ ली।

### असम में जनता का उत्साह देखकर कांग्रेस पस्त

# कांग्रेस ने असम के साथ किया है सौतेला व्यवहार : पीएम मोदी



- पीएम मोदी ने विपक्ष पर बोला तीखा हमला
- पीएम मोदी ने डिब्रूगढ़ में एक विशाल जनसभा को कियासंबोधित

**एजेंसी। डिब्रूगढ़**

असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को डिब्रूगढ़ में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। जनसभा में भारी भीड़ और लोगों के उत्साह को देखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें डिब्रूगढ़ आने का कई बार अवसर मिला है, लेकिन इस बार जो जोश और उत्साह देखने को मिला है, वह अभूतपूर्व है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के साथ सौतेला व्यवहार किया, जिसके कारण अपर असम और बराक घाटी जैसे क्षेत्रों का विकास प्रभावित हुआ। इस उपेक्षा के चलते असम लंबे समय तक पिछड़ा और विभाजित रहा। कांग्रेस के दशकों के कुशासन ने असम की कनेक्टिविटी की कोई चिंता नहीं की। बोगिबिल ब्रिज हो, भूपेन हजारिका सेतु हो, जोरहाट-माजुली सेतु हो, ब्रह्मपुत्र और अन्य नदियों पर बन रहे ऐसे सेतु इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई पर पहुंचा रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कुछ दिन पहले, दुनिया ने मोरान में एक शानदार नजारा देखा, जहां भाजपा-एनडीए सरकार द्वारा बनाए गए एक नए हाईवे पर लड़ाकू विमानों ने लैंडिंग की। मैं भी वायुसेना के साथ-साथ उसी सड़क पर उतरा। महज दस साल पहले, असम के लोगों को सड़कों की बुनियादी सुविधाओं, यानी गाड़ियों के चलने लायक सड़कों, के लिए भी गुहार लगानी पड़ती थी।

### कांग्रेस पहले से ही हैरान-परेशान

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह जनसमर्थन कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है। कांग्रेस पहले से ही हैरान-परेशान है और मतदान से ठीक पहले इस तरह की तस्वीरें उसे और पस्त कर देंगी। जनता का यह उत्साह एक मजबूत संदेश दे रहा है। उन्होंने असम की सांस्कृतिक विविधता और एकता की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की शानदार विरासत रही है। अहोम, कोच-राजबंशी, मोरान, मोतोक, मिसिंग, देवरी जैसे कई समाज सदियों से सौहार्द के साथ यहां रहते आए हैं। कोई असमिया बोलता है, कोई बांग्ला और कोई हिंदी, लेकिन हर किसी का सपना एक ही है, विकसित असम और विकसित भारत। उन्होंने असम के महान नेताओं और विभूतियों को भी याद किया। उन्होंने भूपेन हजारिका, गोपीनाथ बोरदोलोई और ज्योति प्रसाद अग्रवाल का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान हस्तियों ने असम समाज को दिशा दी है। इन्हीं पूर्वजों की प्रेरणा से भाजपा-एनडीए सरकार डिब्रूगढ़ को एक बड़े व्यापारिक और आर्थिक हब के रूप में विकसित कर रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नुमालीगढ़ से डिब्रूगढ़ तक का हाईवे कांग्रेस की असम के प्रति उपेक्षा का स्पष्ट उदाहरण है। यह परियोजना 2005 में स्वीकृत हुई थी, लेकिन 2013 तक इसमें कोई प्रगति नहीं हुई, जबकि इस दौरान केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी।

## होर्मुज से निकला 8वां जहाज 'ग्रीन आशा'

- 20 हजार टन एलपीजी लेकर आ रहा भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के 8वें जहाज ग्रीन आशा ने सफलतापूर्वक होर्मुज को पार लिया है। एएनआई से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जहाज 'ग्रीन आशा' पर लगभग 20,000 टन एलपीजी होने का अनुमान है। ग्रीन आशा ईरान के लारक, केशम और होर्मुज द्वीपों के बीच ईरानी जल क्षेत्र से गुजरने के बाद जलडमरूमध्य के पूर्व में प्रवेश कर चुका था। सूत्रों के अनुसार, 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से एलपीजी ले जाने वाला यह आठवां भारतीय जहाज है। जिसने इस जलडमरूमध्य को पार किया है। वहीं, इस जहाज के पहले भारतीय जहाज 'ग्रीन सांवरी' ने शुक्रवार रात को होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार किया था। इस जहाज पर लगभग 46,650 मीट्रिक टन एलपीजी का कार्गो लदा था। इसके साथ ही एएनआई से मिली जानकारी के अनुसार व्यापारिक जहाजों को सहायता देने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत पूरी तरह से तैयार है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण समुद्री नाकेबंदी के बीच, केंद्र सरकार भारतीय जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दिलाने के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ लगातार बातचीत कर रही है। इससे पहले, जहाजरानी मंत्रालय ने जानकारी दी थी कि फारसी की खाड़ी में 18 जहाज और लगभग 485 नाविक मौजूद हैं। खाड़ी क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों पर आयोजित एक संयुक्त ब्रीफिंग में बोलते हुए, बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव, मुकेश मंगल ने कहा कि फारसी की खाड़ी में मौजूद सभी भारतीय जहाजों और उनके चालक दल पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। उन्होंने आगे कहा, "फारसी की खाड़ी में मौजूद सभी नाविक पूरी तरह से सुरक्षित हैं। अब तक कुल 964 से अधिक नाविकों को वापस देश लाया जा चुका है, जबकि पूरे भारत में बंदरगाहों का संचालन सामान्य रूप से जारी है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव संसद से खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया। ज्ञानेश कुमार को पूरे देश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण और हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में उनके आचरण को लेकर विपक्ष की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा था। ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर लोकसभा के 130 सांसदों और राज्यसभा के 63 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। इस तरह कुल 193 सांसदों ने ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए साइन किए। 10 पन्नों के इस नोटिस में सात आरोपों की एक सूची शामिल थी। इन आरोपों में मुख्य चुनाव आयुक्त के पक्षपातपूर्ण आचरण से लेकर बड़ी संख्या में मतदाताओं के मताधिकार से वंचित होने तक के मामले शामिल थे। विपक्ष ने संसद में यह भी मुद्दा उठाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने बिहार जैसे पिछले चुनावों और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में होने वाले आगामी चुनावों में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को किस तरह से संभाला। नोटिस में उनके साथ दुर्व्यवहार और किसी एक राजनीतिक दल के प्रति उनके पक्षपातपूर्ण आचरण जैसे मुद्दों का भी जिक्र किया गया है। ज्ञानेश कुमार के खिलाफ यह नोटिस विपक्षी दलों के बढ़ते आरोपों के बाद आया था।






# बक्सर पुलिस ने 6 घंटे में अपहृत युवक को किया बरामद, सख्त घेराबंदी से टूटा अपराधियों का प्लान

## एसपी ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा : यूपी ले जाकर फिरौती वसूलने की थी साजिश, तीन गिरफ्तार, बाकी की तलाश तेज



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में अपहरण की एक सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने महज छह घंटे के भीतर पदार्फाश कर न केवल युवक को सकुशल बरामद किया, बल्कि अपराधियों के मंसूबों पर भी करारा प्रहार किया। इस पूरे ऑपरेशन में पुलिस की त्वरित, सटीक और पेशेवर कार्रवाई ने एक बड़े आपराधिक नेटवर्क का खुलासा कर दिया है।

सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने बताया कि रविवार को भोजपुर जिले के मसाढ़ निवासी रामबाबू यादव ने अपने भतीजे रितेश कुमार उर्फ मनीष कुमार के अपहरण की सूचना दी थी। रितेश शमशान घाट से लौट रहा था, तभी नाथ बाबा मंदिर के पास अज्ञात बदमाशों ने उसे जबरन बाइक पर बैठाकर अगवा कर लिया। घटना के कुछ ही देर बाद परिजनों के पास फिरौती के लिए फोन कॉल आने से मामला और गंभीर हो गया।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर सदर एसडीपीओ गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए मानवीय सूचना तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया। शुरूआती कार्रवाई में औद्योगिक थाना क्षेत्र के गगौरा से तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। कड़ी पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि उनके अन्य साथी अपहृत युवक को उत्तर प्रदेश ले जाने की तैयारी में हैं, जहां उसे बंधक बनाकर फिरौती वसूलने की योजना थी।

इस इनपुट के आधार पर पुलिस ने तत्काल गोलम्बर के पास सघन घेराबंदी कर दी। जैसे ही अपराधियों को पुलिस की मौजूदगी का आभास हुआ, वे घबरा गए और युवक को रास्ते में ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से रितेश को सुरक्षित बरामद कर लिया और उसे परिजनों के हवाले कर दिया।

एसपी शुभम आर्य ने प्रेसवार्ता में बताया कि इस मामले में औद्योगिक थाना क्षेत्र के उपेन्द्र कुमार, अजीत मांझी और धीरेन्द्र राम को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी ने पूछताछ में अपने अपराध को स्वीकार किया है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि ह्लअपहरण जैसी गंभीर घटनाओं में पुलिस ने प्रोफेशनल तरीके से त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित को सुरक्षित वापस लाना प्राथमिकता बनाई। टीमवर्क और तकनीकी जांच के कारण ही इतनी कम समय में सफलता मिली है॥

इस पूरे ऑपरेशन में एसडीपीओ गौरव पाण्डेय, नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, डीआईयू प्रभारी सुधीर कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।

नगर थाना में कांड संख्या 185/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से जहां आम लोगों में भरोसा बढ़ा है, वहीं अपराधियों में भी दहशत का माहौल कायम हो गया है।

# कनझरूआं की घटना अमानवीय, कानून हाथ में लेने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा : एसपी

- **बक्सर एसपी शुभम आर्य ने प्रेस वार्ता में किया खुलासा, बच्चों की कहासुनी से भड़की थी रंजिश, जेल भेज गए सभी आरोपित**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय थाना क्षेत्र के कनझरुआ गांव में शनिवार शाम घटी हृदय विदारक और अमानवीय घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। बच्चों के बीच हुए मामूली ट्यूशन विवाद ने इतना विकराल रूप ले लिया कि 44 वर्षीय महिला सुनीता देवी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज मामले का खुलासा सोमवार को बक्सर पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने प्रेस वार्ता आयोजित कर किया। इस दौरान डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार भी मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता में एसपी शुभम आर्य ने बताया कि 4 अप्रैल की शाम करीब 7.30 बजे कनझरुआ गांव में दो पक्षों के बीच पहले से चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सुनीता देवी अपनी मां और बेटी के साथ गांव के उत्क्रमित उच्च विद्यालय के पास टहलने निकली थीं, तभी घात लगाकर बैठे आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले की जड़ 1 अप्रैल को बच्चों के बीच ट्यूशन में हुए झगड़े से जुड़ी है। सुनीता देवी के बेटे आकाश कुमार और पड़ोस की लड़की अंशिका के बीच कहासुनी हुई थी। अगले दिन दोनों परिवारों के बीच विवाद बढ़ा और तनाव लगातार बना रहा। इसी रंजिश में शनिवार को आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से हमला कर घटना को अंजाम दिया। एसपी ने बताया कि आरोपित कंचन देवी और उसकी बेटियों ने मिलकर सुनीता देवी को घेर लिया और बेरहमी से मारपीट की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला को जमीन पर गिराकर मुक्के-घूंसे से पीटा गया, बाल खींचे गए और गंभीर चोटें पहुंचाई गईं। इस हमले में सुनीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 और कोरानसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की गई। एसपी के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी कंचन देवी और उसकी बड़ी बेटी अनीता कुमारी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं एक नाबालिग को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। अन्य संदिग्धों से पूछताछ जारी है। एसपी शुभम आर्य ने स्पष्ट कहा कि ह्लकानून हाथ में लेने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस जघन्य अपराध में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी॥ उन्होंने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सुनीता देवी एक मजदूर परिवार से थीं और पांच बच्चों की मां थीं। उनके पति बीरबहादुर कानू चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी करते हैं। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सुनीता ही घर की मुख्य जिम्मेदार थीं और बच्चों की परवरिश से लेकर घर खर्च तक का भार संभालती थीं।



बता दें कि घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है। यह वारदात समाज में बढ़ती असहिष्णुता और संवादहीनता की गंभीर तस्वीर पेश करती है, जहां छोटे विवाद भी जानलेवा रूप ले रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है, लेकिन कनझरुआ की यह घटना एक बड़ा सवाल छोड़ गई है, क्या अब छोटी-छोटी बातों पर रिश्तों के साथ-साथ इंसानियत भी खत्म होती जा रही है?

# नैनीजोर हत्याकांड का खुलासा : कुख्यात समेत तीन गिरफ्तार, एसपी ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

- **सरकारी जमीन पर फसल कटनी के विवाद में हुई थी किसान की हत्या**
- **पुलिस की त्वरित कार्रवाई से 24 घंटे में पदार्फाश**



**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार की रात नैनीजोर थाना क्षेत्र के गायघाट मौजा स्थित सरकारी भूखंड पर गेहूं की फसल काटने को लेकर हुए विवाद में किसान की हत्या के मामले का पुलिस ने त्वरित उद्भेदन कर दिया है। पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पूरे घटनाक्रम का खुलासा करते हुए बताया कि इस सनसनीखेज हत्या कांड में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

एसपी ने बताया कि 4 अप्रैल की रात करीब 11 बजे सरकारी जमीन पर लगी गेहूं की फसल काटने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। इसी दौरान विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और एक पक्ष की ओर से की गई गोलीबारी में 58 वर्षीय किसान तारकेश्वर यादव (निवासी– वार्ड 09, यादव टोला, नैनीजोर) को गर्दन और छाती में गोली लग गई, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पोलस्त कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। त्वरित छापेमारी कर पुलिस ने कुख्यात अपराधी मनन तिवारी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अन्य आरोपितों में हार्वेस्टर मालिक राकेश कुमार उर्फ मुन्ना एवं चालक मोती शामिल हैं।

एसपी शुभम आर्य ने प्रेस वार्ता में बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपितों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उन्होंने यह भी बताया कि इस हत्याकांड के पीछे लंबे समय से चल रहा जमीन विवाद मुख्य कारण है। पुलिस अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

एसपी ने बताया कि पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटनास्थल से एक खोखा, एक जिंदा बुलेट, एक बाइक, एक हार्वेस्टर, लोहे का रॉड एवं तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

एसपी ने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकारी जमीन पर अवैध रूप से खेती करने और उससे जुड़े विवादों पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

ज्ञात हो कि नैनीजोर के गायघाट मौजा में सरकारी जमीन को लेकर वर्षों से विवाद चला आ रहा है, जिसमें पहले भी कई हिंसक घटनाएं हो चुकी हैं। इस ताजा वारदात ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है और पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

# कांडों की जांच में ढिलाई पर गिरी तबादले की गाज डुमरांव अनुमंडल में 15 दारोगा हुए इधर-उधर

- **एसडीओपी पोलस्त कुमार की अनुशंसा पर एसपी शुभम आर्य का बड़ा एक्शन, अनुसंधान में तेजी लाने की कवायद**

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में कांडों के अनुसंधान में लापरवाही बरतने वाले दारोगाओं पर आखिरकार कार्रवाई की गाज गिर ही गई। डुमरांव एसडीओपी पोलस्त कुमार की अनुशंसा पर पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने सख्त कदम उठाते हुए विभिन्न थानों में पदस्थापित 15 अनुसंधानकताओं (दारोगा) का तबादला कर दिया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और इसे कार्यशैली सुधारने के बड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार, इन दारोगाओं को एक थाना से दूसरे थाना या अनुसंधान इकाई से विधि-व्यवस्था इकाई में स्थानांतरित किया गया है। जानकारी के अनुसार लंबे समय से लंबित कांडों के निष्पादन में सुस्ती और जांच में अपेक्षित प्रगति नहीं होने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। इसी को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी ने समीक्षा कर रिपोर्ट तैयार की, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।



**इन दारोगाओं का हुआ है तबादला**

जारी सूची में डुमराव थाने में पदस्थापित अरविंद कुमार को मुरार थाना, नवीन कुमार श्रीवास्तव को रामदास राय के डेरा व विपिन कुमार का नैनीजोर थाने में तबादला किया गया है। इसके अलावे काजल कुमारी को सिमरी से सोनवर्षा थाना, कुंदन कुमार सिंह को सिमरी से सिकरौल थाना, धीरज ठाकुर को रामदास राय के डेरा से डुमरांव थाना, कुंदन सिंह को रामदास राय के डेरा से नावानगर थाना, ब्रह्मदेव तुरी को नैनीजोर से डुमरांव थाना, जयप्रकाश प्रसाद को ब्रह्मपुर से नैनीजोर थाना, उमेश कुमार को ब्रह्मपुर से सिकरौल थाना, मंगल भूषण पासवान को नावानगर से डुमरांव थाना, सोनम कुमारी को मुरार से सिमरी थाना, चंदन कुमार को सिकरौल से सिमरी थाना, विक्की यादव को नावानगर से डुमरांव थाना तथा राखी कुमारी को सिमरी से ब्रह्मपुर थाने में ट्रांसफर किया गया है। सूत्रों के अनुसार, कई मामलों में अनुसंधान की गति बेहद धीमी थी, जिससे पीड़ितों को न्याय मिलने में देरी हो रही थी। ऐसे में पुलिस प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तबादले के जरिए संबंधित अधिकारियों को नई जिम्मेदारी देते हुए काम में सुधार की अपेक्षा जताई गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी निर्देश में सभी स्थानांतरित पदाधिकारियों को 24 घंटे के भीतर अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देने का आदेश दिया गया है। साथ ही अनुपालन प्रतिवेदन भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। माना जा रहा है कि इस कार्रवाई से कांडों के अनुसंधान में तेजी आएगी और लंबित मामलों का निष्पादन समय पर हो सकेगा। इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा तथा पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा। प्रशासन का यह कदम न केवल जवाबदेही तय करने की दिशा में अहम है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि बेहतर पुलिसिंग के लिए कठोर फैसले लेने से परहेज नहीं किया जाएगा।

# केसठ में खेलकूद प्रतियोगिता जारी, कबड्डी में छात्राओं ने दिखाया दम, 11 अप्रैल को होगा सम्मान समारोह




**केटी न्यूज/केसठ**

मां शांति देवी प्रधानाध्यापिका स्मृति संस्थान, केसठ के तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय खेलकूद एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत सोमवार को कन्या प्राथमिक विद्यालय बस स्टैंड केसठ के खेल मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन केसठ मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने किया वही अध्यक्षता राजद नेता सह समाजसेवी सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव ने किया। इस मुकाबले में अनुसूचित जाति मध्य विद्यालय केसठ की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि मध्य विद्यालय केसठ की बालिका टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान इंड्स ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल के छात्रों का भी दबदबा देखने को मिला। बैडमिंटन प्रतियोगिता में इस विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं 100 मीटर दौड़ में भी इसी विद्यालय के छात्रों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गोला फेंक प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से इसी विद्यालय की छात्रा रिषा कुमारी विजेता बनीं।आयोजन समिति के अनुसार, 8 अप्रैल को कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं 11 अप्रैल को विजेता एवं उपविजेता टीमों को संस्थान की ओर से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कबड्डी प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका आजाद कुमार ने निभाई, जबकि संचालन विनोद मास्टर द्वारा किया गया। मौके पर मुकेश कुमार, अजय कुमार विक्रांत, अमित यादव धर्मेंद्र केशरी,अख्तर अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।






# यूट्यूब से सीखी तकनीक, रामपुर के किशोर राज रौशन बना गोल्ड मेडलिस्ट, जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मानित




### प्रेरणा बनी सफलता की कहानी

राज रौशन की यह सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो संसाधनों की कमी को अपनी कमजोरी मानते हैं। उसने साबित कर दिया कि मजबूत इरादे और सच्ची मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

### मोबाइल का सही इस्तेमाल बना सफलता की कुंजी

राज रौशन ने यह दिखा दिया कि मोबाइल का सही उपयोग सफलता की राह खोल सकता है। जहां आज के युवा मोबाइल को केवल मनोरंजन का साधन मानते हैं, वहीं उसने यूट्यूब के माध्यम से नई तकनीक सीखकर खुद को एक गोल्ड मेडलिस्ट के रूप में स्थापित किया।

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्र के रामपुर गांव के 16 वर्षीय किशोर राज रौशन ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे इलाके का नाम रोशन कर दिया है। गया में आयोजित राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग (पंजा) जूनियर प्रतियोगिता 2026 के अंडर-60 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए उसने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें राज रौशन ने दमदार खेल दिखाते हुए फाइनल मुकाबले में जीत हासिल की।राज रौशन की इस उपलब्धि पर रविवार को गांव में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने उसे फूल-माला, अंगवस्त्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह वर्तमान केसठ मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, पंचायत समिति सदस्य मंजू कुमारी, ग्राम कचहरी सरपंच विष्णु देव पासवान, समाजसेवी सुमेश्वर यादव, बिपिन पासवान, अमरजीत पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए मुखिया अरविंद कुमार यादव ने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने सभी युवकों से खेलकूद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि वे स्वयं 5 से 7 बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जीत हासिल कर चुके हैं।राज रौशन वर्तमान में आईटीआई का छात्र है। उसकी सफलता की खास बात यह है कि उसने आर्म रेसलिंग की शुरूआत किसी बड़े कोचिंग संस्थान से नहीं, बल्कि यूट्यूब के माध्यम से की। वीडियो देखकर सीखी गई तकनीक और नियमित अभ्यास ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया। सम्मान समारोह के दौरान राज रौशन के परिवारजनों की आंखें खुशी से नम हो गईं। वहीं उसे देखने के लिए आसपास के गांवों से लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। राज रौशन ने बताया कि उसकी सफलता के पीछे परिवार का पूरा सहयोग रहा है। उसने कहा कि उसका सपना राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना है और इसके लिए वह दिन-रात मेहनत कर रहा है। उसने बताया कि आगामी 29 मई को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने की तैयारी कर रहा है।

## समन्वय समिति की बैठक में कई विभागों की लापरवाही उजागर, स्कूल से अस्पताल तक व्यवस्था सुधारने का आदेश

# ढिलाई पर डीएम सख्त : गैस एजेंसियों, नगर परिषद और अधिकारियों को नोटिस, काम में तेजी लाने के सख्त निर्देश




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित जिला समन्वय समिति की बैठक में प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा के दौरान कई विभागों की लापरवाही उजागर हुई। बैठक में डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्टीकरण देने और कार्यों में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए।

सबसे पहले गैस सिलेंडर डिलीवरी व्यवस्था की समीक्षा में यह सामने आया कि कई गैस एजेंसियां अब तक 25 मार्च तक की ही आपूर्ति कर पाई हैं। इससे उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं और परेशानी बढ़ रही है। इस पर डीएम ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को संबंधित एजेंसियों से स्पष्टीकरण लेने और व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

बैठक में मनरेगा के डीपीएम बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जिस पर डीएम ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए विशेष कार्य पदाधिकारी को उनसे जवाब-तलब करने का निर्देश दिया। वहीं मोक्षधाम और कन्या विवाह मंडप की प्रगति पर संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने पर सहायक जिला पंचायत राज पदाधिकारी को भी नोटिस जारी करने का आदेश दिया गया।

नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय में जलनिकासी और साफ-सफाई की खराब स्थिति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। पूर्व में दिए गए निदेशों के बावजूद काम नहीं होने पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया। डीएम ने कहा कि छात्रों को असुविधा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा में सदर अस्पताल के महत्वपूर्ण स्थानों पर होमगार्ड की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही निमार्णाधीन लिफ्ट की स्थिति पर कार्यपालक अभियंता बीएमएसआईसीएल और डीपीएम से रिपोर्ट मांगी गई। सिविल सर्जन को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि अवकाश पर गए चिकित्सकों के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था तुरंत की जाए।

नगर निकायों को लेकर भी डीएम ने सख्ती दिखाई। सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को नियमित कूड़ा उठाव सुनिश्चित करने, खुले में कचरा जलाने पर रोक लगाने और वेस्ट मैनेजमेंट के लिए डंपिंग साइट चिन्हित कर प्रस्ताव देने का निर्देश दिया गया। साथ ही वार्ड स्तर पर तैनात वरीय पदाधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर फोटो रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया।

बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश नोडल पदाधिकारी को दिया गया। डीएम ने कहा कि यह योजना आम लोगों के लिए लाभकारी है, इसलिए इसे तेजी से लागू किया जाए।

राजस्व कार्यों की समीक्षा में पाया गया कि कुछ अंचलों में प्रगति संतोषजनक नहीं है। चौगाई, चौसा और डुमरांव में कम रैकिंग प्रगति पर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा गया। अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, भूमि विवाद और ई-मापी के मामलों में तेजी लाने के निर्देश सभी अंचलाधिकारियों और भूमि सुधार उप समाहताओं को दिए गए।

इसके अलावा मुख्यमंत्री के जनता दरबार से प्राप्त परिवादों के त्वरित निष्पादन, सड़कों के चौड़ीकरण कार्यों को शीघ्र पूरा करने और दैनिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक के अंत में डीएम ने 23 भूमिहीन विद्यालयों के लिए भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

### एक नजर

## बूथ संख्या 217 के बीएलओ पर मनमानी का आरोप, 18 वर्ष के युवकों का वोटर आईडी नहीं बनाने की शिकायत

**बीएलओ ने कहा वार्ड सदस्य प्रतिनिधि द्वारा लगाया जा रहा है बेबुनियाद आरोप**

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के बूथ संख्या 217 के बीएलओ पर 18 वर्ष से अधिक आयु के युवकों का वोटर आईडी कार्ड नहीं बनाने का आरोप सामने आया है। यह आरोप खरवानिया वार्ड संख्या 1 के प्रतिनिधि रविकांत ने लगाया है। उन्होंने बीएलओ पर मनमानी और भेदभावपूर्ण कार्यशैली अपनाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर एक ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक का उम्र 18 वर्ष 4 माह होने के बावजूद उसका वोटर आईडी कार्ड नहीं बनाने की बात कही जा रही है। वार्ड प्रतिनिधि रविकांत के अनुसार, उन्होंने संबंधित युवक का आवेदन बीएलओ को दिया था, लेकिन बीएलओ ने यह कहकर टाल दिया कि उनके लॉगिन सिस्टम में वर्ष 2007 में जन्मे युवकों का नाम जोड़ने का विकल्प उपलब्ध नहीं है, इसलिए उसका वोटर आईडी अगले वर्ष ही बन सकेगा।रविकांत का आरोप है कि यह पहली बार नहीं है, बल्कि पूर्व में भी बीएलओ द्वारा इसी तरह मनमाने तरीके से काम किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का मन होता है, उनका वोटर आईडी बना दिया जाता है, जबकि अन्य के आवेदन लंबित रखे जाते हैं या टाल दिए जाते हैं। वहीं, इस मामले में जब नोडल बीएलओ अजय कुमार विक्रांत से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवकों का वोटर आईडी कार्ड उसी वर्ष बनाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा कोई नियम नहीं है कि वर्ष 2007 में जन्मे युवकों का नाम इस वर्ष नहीं जोड़ा जा सकता।वार्ड प्रतिनिधि ने बीएलओ के साथ हुई बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल कर दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीएलओ उनसे ठीक तरीके से बात नहीं करते हैं और उनके द्वारा दिए गए आवेदनों को जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है। मामले के सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है और लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में बूथ संख्या 217 के बीएलओ मिथिलेश कुमार ने दूरभाष पर बताया कि उनके द्वारा किसी भी तरह का कोई भेदभाव नहीं किया जाता है,सारे आरोप बेबुनियाद है। साथ ही उन्होंने कहा कि वार्ड सदस्य प्रतिनिधि के द्वारा मुझ पर जान बुझ कर आरोप लगा रहे है, वो दबाव डाल कर काम करवाना चाहते है। मुझे ब्लैकमेल करते है। और अपना धौंस दिखाते है।

# अखंड हरी कीर्तन से गूंजा खरहाटांड़, भक्ति में डूबा पूरा इलाका

- **24 घंटे तक चला संकीर्तन, भंडारे में उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की आस्था**



**केटी न्यूज/सिमरी**

प्रखंड के खरहाटांड़ गांव में उस समय भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब बृजलाल ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर में आयोजित अखंड हरी कीर्तन ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। ओझा परिवार द्वारा आयोजित इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम ने न केवल गांव, बल्कि आसपास के क्षेत्रों को भी भक्तिमय बना दिया।

मंदिर प्रांगण में 24 घंटे तक लगातार चले हरी नाम संकीर्तन में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। कीर्तन के दौरान प्रसिद्ध कीर्तन गायक कुमार अर्जुन, मुन्ना उपाध्याय, उत्तम सिंह, प्रियंका पायल और सोनू शुक्ला समेत कई कलाकारों ने अपने मधुर भजनों से माहौल को पूरी तरह भक्ति रस में डुबो दिया। ढोल-मंजीरा और झांझ की गूंज के बीच ह्लहरे राम-हरे कृष्णह्व के जयघोष से पूरा गांव गुंजायमान रहा। आयोजन को लेकर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी, फूल-मालाओं और भव्य सजावट ने मंदिर की शोभा को और बढ़ा दिया। श्रद्धालुओं के बैठने, प्रसाद वितरण और अन्य व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे किसी को कोई असुविधा न हो।

ओझा परिवार के वैभव ओझा उर्फ छोटू जी ने बताया कि यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है और हर वर्ष भव्य तरीके से अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में वृंदावन ओझा, श्रीभगवान ओझा, नारायण ओझा समेत परिवार के कई सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

वहीं भाजपा नेता धीरज पाठक ने कहा कि बृजलाल ब्रह्म बाबा की महिमा अपरंपार है। यहां आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कीर्तन की समाप्ति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस आयोजन ने एक बार फिर क्षेत्र में धार्मिक एकता और आस्था की मजबूत मिसाल पेश की।

# तरुण के एक गोल से सासाराम का कमाल आरा पर जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में एंट्री

- **कस्तूरबा स्मारक शील्ड में रोमांचक मुकाबला, मजबूत डिफेंस और शानदार गोलकीपिंग बनी जीत की कुंजी**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुराना भोजपुर के ऐतिहासिक मैदान में सोमवार को खेले गए कस्तूरबा स्मारक शील्ड फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सासाराम की टीम ने आरा चारघाट को 1-0 से हराकर शानदार अंदाज में सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मुकाबला शुरूआत से ही तेज रफ्तार और संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें दोनों टीमों ने जीत के लिए पूरा दमखम दिखाया। मैच का आगाज जदयू के प्रदेश महासचिव विनोद राय ने किया। उनके साथ कई जनप्रतिनिधि और खेलप्रेमी मौजूद रहे, जिससे मैदान का माहौल पूरी तरह उत्साह और ऊर्जा से भर गया। दर्शकों की भारी भीड़ ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और हर पास, हर अटैक पर जोरदार प्रतिक्रिया दी।

पहले हाफ में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। सासाराम की टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक रणनीति अपनाई, जबकि आरा की टीम ने मजबूत डिफेंस के सहारे मुकाबले को संतुलित बनाए रखा। निर्णायक पल दूसरे हाफ में आया, जब मैच के 5.55 मिनट पर सासाराम के खिलाड़ी तरुण कुमार ने शानदार स्ट्राइक लगाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया। इस गोल ने मैच का रुख बदल दिया। गोल होते ही सासाराम समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई, जबकि आरा की टीम पर बराबरी का दबाव बढ़ गया। गोल के बाद आरा ने कई आक्रामक प्रयास किए, लेकिन सासाराम की सधी हुई डिफेंस लाइन और गोलकीपर के बेहतरीन प्रदर्शन के सामने उनकी एक न चली। सासाराम के खिलाड़ियों ने अनुशासन और तालमेल का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए बढ़त को अंत तक कायम रखा। पूरे मैच के दौरान रोमांच बना रहा, लेकिन आरा की टीम कोई गोल नहीं कर सकी और निर्धारित समय तक स्कोर 1-0 पर ही रहा। इस जीत के साथ सासाराम ने न केवल मुकाबला अपने नाम किया, बल्कि सेमीफाइनल में अपनी जगह भी पक्की कर ली। मंच संचालन इस्लाम अंसारी ने किया। आयोजन समिति ने बताया कि यह टूनार्मेंट ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का बड़ा मंच बन रहा है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने यह साबित किया कि गांवों में भी फुटबॉल के प्रति जबरदस्त जुनून और प्रतिभा मौजूद है। टूनार्मेंट के पहले क्वार्टर फाइनल में महेन ने बनारस को 1-0 से हराया था। वहीं, अगले मुकाबले में बलिया और गाजीपुर की टीमें आमने-सामने होंगी, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है। आयोजकों के अनुसार 12 अप्रैल को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। खेलप्रेमियों को अब सेमीफाइनल मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार है, जहां मुकाबले और भी ज्यादा रोमांचक होने की उम्मीद है।

# बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में "वॉक–इन स्कॉलरशिप" की घोषणा

- **मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा विशेष लाभ, नए सत्र के लिए प्रवेश अंतिम चरण में**



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल ने नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए ह्लवॉक-इन स्कॉलरशिपह्व योजना की घोषणा की है। विद्यालय की इस पहल को क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के रूप में देखा जा रहा है।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, सीबीएसई पृष्ठभूमि से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। इच्छुक छात्र अपने पिछले सत्र के परिणाम के आधार पर सीधे विद्यालय परिसर में आकर इस विशेष छात्रवृत्ति योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें बेहतर मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी शैक्षणिक क्षमता का पूर्ण विकास कर सकें।

विद्यालय में नर्सरी से लेकर कक्षा 9 तक के लिए प्रवेश प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। सीमित सीटों के चलते अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। स्कूल अपनी अत्याधुनिक शिक्षण पद्धति, अनुभवी शिक्षकों और समग्र विकास पर आधारित वातावरण के कारण तेजी से अभिभावकों के बीच एक भरोसेमंद नाम बनता जा रहा है।

वहीं कक्षा 11वीं के लिए प्रवेश प्रक्रिया अभी जारी रहेगी। विद्यालय प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया है कि कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रोत्साहन और अतिरिक्त शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे छात्रों को उच्च शिक्षा की दिशा में बेहतर मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है।

विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर इंजीनियर अंकुर राय ने बताया कि संस्थान का लक्ष्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ह्लवॉक-इन स्कॉलरशिपह्व योजना के माध्यम से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। साथ ही, विद्यालय आधुनिक सोच, नैतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उल्लेखनीय है कि विद्यालय का नया शैक्षणिक सत्र आगामी 10 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि उनके बच्चों को इस अवसर का लाभ मिल सके।

अधिक जानकारी और प्रवेश से संबंधित विवरण के लिए अभिभावक सीधे विद्यालय परिसर में संपर्क कर सकते हैं।

## मध्य विद्यालय महादेवगंज के प्रधानाध्यापक बने मनोज कुमार, शिक्षकों में खुशी



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय महादेवगंज में मनोज कुमार को प्रधानाध्यापक के पद पर नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे कन्या प्राथमिक विद्यालय बस स्टैंड में प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत थे। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के शिक्षकों और शिक्षा प्रेमियों में खुशी का माहौल है। मनोज कुमार के प्रधानाध्यापक बनने पर सहकर्मी शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। बधाई देने वालों में अजय कुमार विक्रांत, मुकेश कुमार, नसरुद्दीन अंसारी, मुन्ना भारती सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे। शिक्षकों ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में विद्यालय का शैक्षणिक स्तर और बेहतर होगा तथा छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।

# दमदार : हंटर बुलेट 350 बाइक नए वेरिएंट के साथ लॉन्च, सफर बना आसान

## बिक्रमगंज में ग्राहकों को आर.बी मोटर्स एजेंसी देगी विशेष सुविधा : अजीत सिंह




**केटी न्यूज/रोहतास**

भारतीय ग्राहकों के बीच रॉयल एनफील्ड की बाइक का हमेशा से दबदबा रहा है। जिसे लेकर रॉयल एनफील्ड की बेस्ट सेलर हंटर 350 को मिला। जिसके तहत 2026 का अपडेट को रॉयल एनफील्ड ने नई हंट 350 लॉन्च किया गया। इस संदर्भ में आर.बी मोटर्स,बिक्रमगंज के संचालक अजीत कुमार सिंह ने बताया सबसे किफायती मोटर बाइक हंटर 350 के अपडेटेड 2026 मॉडल लॉन्च होते ही नए फीचर्स,अपडेटेड लुक्स और आकर्षक कलर्स के साथ बाइकर्स को एक नई लुक में नगर परिषद,बिक्रमगंज के आरा रोड़ स्थित आर.बी मोटर्स एजेंसी में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। कंपनी की इस अर्बन मोटर साइकिल के लाइनअप को नए कलर ऑप्शन और एक खास बेस प्रीमियम' वेरिएंट के साथ टमैंक ब्लैक कलर में पेश किया गया है। जो हंटर 350 की एक्स शोरूम प्राइस 1 लाख 49 हजार 900 रुपये है। इसके साथ ही रॉयल एनफील्ड ने अपनी नई हंटर 350 के टॉप वेरिएंट में मुंबई येलो और मूनशॉट वाइट जैसे दो नए कल्चर-लेड कलर्स भी जोड़े हैं। जो बाजार में बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। नई लॉन्च यह बाइक युवाओं की पसंद का ध्यान रख रही है। साथ ही आराम दायक सफर के लिए इसके रियर सस्पेंशन को अपडेट किया गया है और क्लच को हल्का बनाने के लिए असिस्ट क्लच दिया गया है।उन्होंने बताया कि बेस प्रीमियम वेरिएंट हंटर ऑफरिंग को और मजबूत कर रहे हैं। रोजमर्रा के राइडिंग एक्सपीरियंस को बेहतर है। हंटर को न केवल बड़े शहरों में बल्कि छोटे शहरों और रूरल मार्केट में भी अपना विस्तार करने में मदद मिलेगी। जिसकी खरीद के लिए 4 अप्रैल से हंटर 350 के अपडेटेड मॉडल की आर.बी मोटर्स एजेंसी बिक्रमगंज में बुकिंग शुरू हो गई है। जो बुलेट हंटर 350 मुंबई येलो और मूनशॉट वाइट 20-25 दिनों की प्रतीक्षा अवधि के बाद ग्राहकों को उपलब्ध होगा।

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस भोजपुर पहुंचे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा बोले- हर एक व्यक्ति के उत्थान के लिए हो रहे काम



**केटी न्यूज/आरा**

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को बामपाली स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष दुर्गा राज समेत बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने पार्टी के इतिहास और विचारधारा को याद करते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीन दयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान नेताओं के त्याग और बलिदान से पार्टी आज इस मुकाम तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ की गई। इसके बाद राष्ट्रगान और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। स्थापना दिवस को लेकर कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि इस आयोजन की तैयारियां कई दिनों से चल रही थी और सभी कार्यकताओं ने पूरे जोश के साथ इसमें भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का झंडा फहराकर इस दिन को उत्सव के रूप में मनाया। कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी को पार्टी के मूल सिद्धांतों और संकल्पों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यकताओं को शुभकामनाएं देते हुए विकसित भारत के साथ विकसित बिहार के निर्माण का संकल्प दोहराया।

## भाजपा ही एक ऐसा राजनीतिक मंच जहां युवाओं को मिलता है नेतृत्व का अवसर : ऋषभ राज सिंह



**आरा।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता ऋषभ राज सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा से उनके आवास पर शिष्टाचार एवं आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान दोनों युवा नेताओं के बीच कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। खासकर राजनीति में युवाओं की भागीदारी समेत संगठनात्मक विस्तार, आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस मुलाकात के दौरान ऋषभ राज सिंह ने संगठन में युवाओं की भूमिका को और सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा ही एक ऐसा राजनीतिक मंच है, जहां युवाओं को नेतृत्व का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री के विजन से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में युवा भाजपा से जुड़ रहे हैं, जिसे और गति देने की आवश्यकता है। वहीं ऋतुराज सिन्हा ने भी युवा कार्यकताओं की सक्रियता की सराहना की, उन्होंने कहा कि देशभर में युवाओं के लिए रोजगार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काम कर रहे हैं, सबका साथ सबका विकास के थीम पर कार्य हो रहा है। उन्होंने संगठन के विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती और समाज के हर वर्ग तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने पर विशेष रूप से जोर दिया। उन्होंने युवा नेताओं को सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# एनएच-20 पर दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो में लदे 648 लीटर शराब बरामद, धंधेबाज फरार




- शराब माफियाओं का दुस्साहस,बेखौफ पार किया चेकपोस्ट
- फिर एनएच-20 पर पलटी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो

**केटी न्यूज/रोहतास**

झारखंड से शराब की खेप लेकर बिहार की सीमा में दाखिल हुए शराब तस्करों के दुस्साहस और फिर सड़क पर मची चीख-पुकार ने सोमवार को रजौली में सनसनी फैला दी है। दरअसल, शराब से लदी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो रजौली चेकपोस्ट से दोपहर बाद बिना जांच के पार करने में तो सफल रही, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। जैसे ही वाहन रजौली बीएसएनएल टावर के ठीक सामने एनएच-20 ब्रिज पर पहुंचा, चालक ने नियंत्रण खो दिया और स्कॉर्पियो स्कॉर्पियो एस11 बॉस एडिशन बीआर01जेपी3789 सड़क पर ही बुरी तरह पलट गई। चश्मदीदों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन करीब 100 फीट तक सड़क पर घिसटता रहा और अंततः उसके चारों चक्के आसमान की ओर हो गए। इस पूरे घटनाक्रम में चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब स्कॉर्पियो के साथ चल रहे एक अन्य 'पासिंग' वाहन ने पलक झपकते ही घायल चालक और धंधेबाजों को अपनी गाड़ी में लादा और मौके से फरार हो गए। दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि क्षतिग्रस्त वाहन के परखच्चे उड़ चुके थे, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब माफिया अपने साथियों को सुरक्षित निकाल ले जाने में कामयाब रहे। इस संबंध में एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार को एसआई सचिन कुमार,एएसआई सत्यदेव प्रसाद,एएसआई अमित कुमार वर्मा एवं एएसआई के. के. झा के साथ पुलिस बलों को स्थल पर भेजा गया है। पुलिस मामले की गहन जांच-पड़ताल शुरू कर दी है,जिसमें फरार वाहन और धंधेबाजों की तलाश की जा रही है। जब्त दर्जनों काटूर्नों में बंद 180 एमएल वाले जैक फोर्ड और ग्लैन मैक के सैकड़ों बोतलों में बंद कुल 648 लीटर शराब है। वहीं थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को सड़क से हटाकर किनारे लगाई गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान में जुट गई है।

# भोजपुर में महज 200 रुपए के लिए दोस्त ने मारी गोली हालत गंभीर, एफआईआर दर्ज

- बिहिया थाना क्षेत्र के साहब टोला मोहल्ले में पैसे के विवाद को लेकर हुई वारदात



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र के साहब टोला मोहल्ले में पैसे के विवाद को लेकर दोस्त ने अपने ही दोस्त को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली दाहिने पैर में जांघ पर लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन की ओर से उसे इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले जाया गया। जख्मी युवक बिहिया थाना क्षेत्र के साहब टोला मोहल्ला निवासी स्व. शिवजी साह का बेटा महेश कुमार(25 ) है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बिहिया थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है। वहीं पुलिस की ओर से घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया। तब एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर साक्ष्य इकट्ठा किया। साहब टोला निवासी उसके दोस्त हीरो चैधरी का दो सौ महेश कुमार के पास बकाया था। जिसे वह मांग रहा था। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। जिसके बाद हीरो चैधरी की ओर से उसे गोली मार दी गई। वहीं दूसरी तरफ जख्मी युवक महेश कुमार ने मोहल्ले के ही अपने दोस्त हीरो चैधरी पर अपने पास रहे दो सौ रुपये बकाये विवाद को लेकर खुद को गोली मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। जख्मी महेश कुमार ने थाना क्षेत्र के साहब टोला मोहल्ला निवासी हीरो चैधरी के खिलाफ अपने पास बकाया दो सौ रुपये को लेकर खुद को गोली मारने का आरोप लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बिहिया थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार ने बताया कि दोनों दोस्त हैं और साथ खाते-पीते है। हीरो चैधरी का दो सौ रुपये महेश कुमार के पास बकाया था। हीरो चैधरी महेश कुमार को अपने साथ ले गया था व ले जाने के बाद जब हीरो चैधरी हथियार चेक कर रहा था। उसी दौरान फायर हो गई और गोली महेश कुमार को लग गई। उन्होंने बताया कि जख्मी महेश कुमार की ओर से हीरो चैधरी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है।

## एक नजर

### 64 लाख की लागत से स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन के निर्माण स्थल का हुआ शुभारंभ

**सहार।** सहार पूर्वी जिला पार्षद सह भोजपुर जिला परिषद स्वास्थ्य समिति सदस्य मीना कुमारी के अनुशंसित योजना पर भोजपुर जिला परिषद द्वारा एकवारी ग्राम में 64, 49 लाख की लागत से स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। सहार अंचल अमीन पुष्परंजन राज द्वारा सीमांकन के साथ भोजपुर जिला परिषद के जिला अभियंता बिनोद कुमार तांती के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता बरूण कुमार व कनीय अभियंता दिनेश राम द्वारा ले आउट कर संवेदक को भवन निर्माण की सभी पहलुओ पर विस्तृत जानकारी प्रदान कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया गया है। संवेदक विनकटेश तिवारी द्वारा बताया गया कि पंचायत चुनाव से पूर्व स्वास्थ्य उप केन्द्र के सौन्दयीर्कृत भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इधर स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने पर एकवारी पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व आमनागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्थानीय जिला पार्षद मीना कुमारी व सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम राय की विकासात्मक कार्यशैली के लिए बधाई दी है। भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के जनईडीह गांव में रविवार को गलत सुई देने के कारण एक बालक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वही मृत बालक के परिजन द्वारा गांव के ही ग्रामीण चिकित्सक पर सुई देने के कारण उसके मौत होने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत बालक संदेश थाना क्षेत्र के जनईडीह गांव निवासी बिजेंद्र यादव का 10 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार है।

### मचा कोहराम : सड़क दुर्घटना में राजपुर थाना के चौकीदार की कोचस में मौत



**बक्सर।** सोमवार की शाम राजपुर थाना के चौकीदार रितेश पांडेय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना के अनुसार यह दुखद घटना शाम सात बजे के लगभग की है। रितेश (30वर्ष) बाइक से सासाराम की तरफ जा रहा था। रोहतास जिले की सीमा में जैसे ही वह कोचस से आगे बढ़ा। सासाराम पथ पर सेमरियां छलका के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने के कारण सर में गहरी चोट आई। मौके पर शव भी कुछ समय तक पड़ा रहा। और जब लोग पहुंचे, और अस्पताल ले गए। तब तक बहुत देर हो चुकी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रितेश राजपुर थाना के कुसही गांव निवासी वीरेंद्र पांडेय का पुत्र था। जब इसकी सूचना कोचस पुलिस ने उनके परिवार को दी। सभी लोग मौके की तरफ भागे। खबर लिखे जाने तक परिजन रितेश के शव के साथ रोहतास के जिला मुख्यालय सासाराम में पहुंचे हुए हैं। इस दुखद घटना की सूचना मिलने के बाद उनके कई जानने वाले लोग भी वहां एकत्र हो गए हैं।

### बाइक से शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार,135 बोतल शराब जब्त

**रजौली।** थाना क्षेत्र के जोगियामारन पंचायत अंतर्गत भाईजी भित्ता गांव में रविवार की मध्य रात्रि पुलिस बलों ने छापेमारी कर एक बाइक पर लदे 135 बोतल शराब व बियर को बरामद किया। साथ ही शराब धंधे में जुड़े दो सहोदर भाइयों को गिरफ्तार भी किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण,परिवहन,भंडारण,बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते रात्रि भाईजी भित्ता में शराब के परिवहन को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर एसआई सचिन कुमार को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया। पुलिस बल भाईजी भित्ता गांव में मुर्गी फार्म के समीप एक ग्लैमर बाइक पर सवार रहे दो लोगों को शराब एवं बियर के साथ गिरफ्तार किया। जब्त शराब में गॉड फादर के 500 एमएल वाले 76 केन बियर,750 एमएल वाले रॉयल ग्रीन का एक बोतल व रॉयल स्टेज के 10 बोतल एवं 375 एमएल वाले रॉयल ग्रीन के 12 बोतल व रॉयल स्टेज के 36 बोतल है। वहीं शराब के साथ जब्त ग्लैमर बाइक भी चोरी का है। वहीं गिरफ्तार लोगों में भाईजी भित्ता गांव निवासी रामोतार प्रसाद के पुत्र लालू कुमार एवं रवि कुमार के रूप में हुई है। वहीं दूसरी ओर फरका बुजुर्ग पंचायत के बजवातरी गांव के जंगली क्षेत्र से पटना से चोरी किया हुआ एक बाइक पर लदे 115 लीटर देशी महुआ शराब को भी जब्त किया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब,बियर व बाइक के अलावे गिरफ्तार सहोदर भाइयों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार लोगों को सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### अमौना पैक्स चुनाव दावाआपत्ति 10 मार्च तक, 13 अप्रैल के बाद घोषणा संभव

**काराकाट।** रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड के अमौना प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) के चुनाव की घोषणा 13 अप्रैल के बाद हो सकती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के निदेर्शानुसार प्रक्रिया तेजी से चल रही है। 28 फरवरी 2026 को तय कट-ऑफ तिथि के आधार पर सदस्यों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 1 मार्च को किया गया। दावा-आपत्ति की अवधि 1 मार्च (बुधवार) से 10 मार्च (शुक्रवार) तक निर्धारित है। प्रारूप सूची में अमौना पैक्स के 1270 सदस्य दर्ज हैं। बीडीओ सिंह ने कहा कि यदि किसी सदस्य का नाम छूट गया हो या कोई आपत्ति हो, तो वे तय समयसीमा में प्रखंड मुख्यालय पर आवेदन कर सकते हैं।

# बक्सर में अग्नि सुरक्षा को लेकर सख्ती, 375 भवनों का फायर ऑडिट, 10 हॉट स्पॉट चिन्हित



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित अग्निशमन समीक्षा बैठक में जिले में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यालय के आसपास स्थित सभी सरकारी भवनों एवं महत्वपूर्ण संस्थानों का फायर ऑडिट कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

अग्नि सुरक्षा के प्रति आमजनों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। जनवरी 2025 से अब तक जिले के 15,538 स्थानों पर मॉक ड्रिल आयोजित की जा चुकी है, जबकि यह प्रक्रिया प्रतिदिन जारी है। वहीं अनुमंडल स्तर पर पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों—जैसे मुखिया, सरपंच एवं वार्ड सदस्यों—के साथ कार्यशालाएं एवं बैठकों का आयोजन कर अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अब तक 124 स्थानों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

बैठक में बताया गया कि एनबीसी 2016, बिहार अग्निशमन सेवा अधिनियम 2014 एवं बिहार अग्निशमन सेवा नियमावली 2021 के मानकों के अनुरूप जिले के कुल 375 भवनों एवं संस्थानों का फायर ऑडिट किया जा चुका है, जबकि यह कार्य लगातार जारी है।

पिछले तीन वर्षों में हुए अग्निकांडों की समीक्षा के आधार पर जिले में 10 फायर हॉट स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जहां त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अग्निशमन वाहनों की तैनाती की गई है। वर्तमान में बक्सर एवं डुमरांव अनुमंडल सहित चिन्हित थानों में कुल 11 अग्निशमन वाहन संचालन में हैं, जबकि एक वाहन की मरम्मत की जा रही है।

संचार व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अग्निशमन विभाग द्वारा टॉल फ्री नंबर एवं मोबाइल नंबर भी सक्रिय रखे गए हैं, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

## मंदिर चोरी में संलिप्त 6 अभियुक्त गिरफ्तार,चांदी और जेवरात बरामद

**संझौली।** संझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिगनी में महावीर मंदिर में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है । इस कांड में शामिल गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है,साथ ही चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद कर लिए गए हैं । बताया जाता है कि दिनांक 21 मार्च 2026 की रात जिगनी गांव स्थित महावीर मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने मंदिर में रखे कीमती सामानों की चोरी कर ली थी । घटना की गंभीरता को देखते हुए बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया,जिसमें संझौली थाना की पुलिस और जिला आसूचना इकाई की टीम को शामिल किया गया। तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 5 अप्रैल को बक्सर जिले के नावानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनहथा निवासी रितेश पांडेय को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

# रजौली चेकपोस्ट पर शराब से भरी स्कॉर्पियो पलटी, जांच पर उठे सवाल

**केटी न्यूज/रोहतास**

बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित रजौली समेकित जांच चौकी की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। झारखंड की ओर से आ रही अंग्रेजी शराब से लदी एक काले रंग की बिहार नंबर स्कॉर्पियो चेकपोस्ट पार करने के महज 2 से 3 किलोमीटर बाद एनएच-20 स्थित ओवरब्रिज, बीएसएनएल कार्यालय के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज रफ्तार में था और अचानक संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ। गाड़ी पलटते ही चालक मौके से फरार हो गया। लोगों का कहना है कि एक अन्य वाहन आगे चल रहा था, जिसमें सवार होकर चालक भाग निकला। इससे साफ संकेत मिलता है कि शराब तस्करी संगठित नेटवर्क के तहत की जा रही थी। घटना की सूचना मिलते ही रजौली थानाध्यक्ष रंजीत कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और वाहन को जब्त कर लिया। गाड़ी से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई है, जिसमें हरियाणा निर्मित ब्रांड शामिल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ शराब लूटने के लिए उमड़ पड़ी, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सीमा पर कड़ी जांच का दावा किया जाता है, तो इतनी बड़ी मात्रा में शराब लेकर वाहन कैसे चेकपोस्ट पार कर गया? स्थानीय लोगों ने उत्पाद विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है, जबकि मोटी रकम लेकर शराब माफियाओं को खुली छूट दी जाती है। स्थानीय निवासी राहुल कुमार और सुमन खत्री ने कहा कि एक-दो बोतल के साथ पकड़कर दिखावा किया जाता है,लेकिन बड़े तस्कर आसानी से निकल जाते हैं।यह घटना न केवल जांच चौकी की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करती है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि कहीं न कहीं लापरवाही या मिलीभगत के कारण ही अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या ठोस कार्रवाई करता है।

योग हब बनाने की भी तैयारी शुरू

# बिहार में भागलपुर में लगेगी भोलेनाथ की 112 फीट ऊंची प्रतिमा



एजेंसी। पटना

बिहार के सिल्क सिटी भागलपुर को जल्द ही एक बड़ी आध्यात्मिक सौगात मिलने जा रही है। जिले में एक विशाल योग हब के निर्माण की योजना बनाई गई है, जिसके लिए लगभग 100 से 120 एकड़ जमीन की मांग की गई है। इस परियोजना की सबसे खास बात यह होगी कि यहां भगवान शिव की करीब 112 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जो न केवल श्रद्धालुओं बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगी। जानकारी के अनुसार, इस योग हब का निर्माण प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव की संस्था ईशा फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। संस्था की ओर से जिला प्रशासन से जमीन उपलब्ध कराने की अपील की गई है। बताया जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट कोयंबटूर और बेंगलुरु में स्थापित आदियोगी केंद्रों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जहां आध्यात्म और योग को बढ़ावा दिया जाता है। इस परियोजना को लेकर बिहार सरकार का पर्यटन विभाग भी काफी सक्रिय नजर आ रहा है। विभाग के सचिव ने भागलपुर के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर जमीन की उपलब्धता और अन्य आवश्यक पहलुओं पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। यदि सभी प्रक्रियाएं अनुकूल रहीं, तो जल्द ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम शुरू किया जा सकता है। यह योग हब केवल एक धार्मिक स्थल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक समग्र आध्यात्मिक और स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां आने वाले लोगों के लिए योगाभ्यास की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही एक विशाल मेडिटेशन हॉल का निर्माण किया जाएगा, जहां लोग ध्यान और मानसिक शांति के लिए समय बिता सकेंगे। इसके अलावा, इस केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। योग विज्ञान और प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस तरह यह केंद्र न केवल धार्मिक आस्था बल्कि समग्र जीवनशैली सुधार का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। भागलपुर जिले के लिए यह परियोजना कई मायनों में अहम साबित हो सकती है। योग हब के निर्माण से जिले में पर्यटन को नया बढ़ावा मिलेगा। देश-विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक यहां पहुंचेंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। होटल, परिवहन और अन्य सेवाओं से जुड़े क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। गौरतलब है कि भागलपुर पहले से ही अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के लिए जाना जाता है। यहां विक्रमशिला विश्वविद्यालय के अवशेष और गंगा तट जैसे कई आकर्षण मौजूद हैं। ऐसे में योग हब के जुड़ने से जिले को एक नई पहचान मिलने की संभावना है।कुल मिलाकर, यह परियोजना भागलपुर को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर ले जा सकती है। यदि योजना सफलतापूर्वक लागू होती है, तो आने वाले समय में भागलपुर देश के प्रमुख योग और आध्यात्मिक केंद्रों में शामिल हो सकता है।

# सीएम नीतीश की अध्यक्षता में राहत कोष न्यासी परिषद की 24वीं बैठक, 4.70 करोड़ की सहायता को मिली मंजूरी



## मुश्किल समय में लोगों को तुरंत मदद पहुंचाना : सीएम

एजेंसी। पटना

नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राहत कोष बैठक में 4.70 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर हुई। मृतकों के परिजनों, घायलों, बाढ़ शिविरों और बाल श्रम से मुक्त किशोरों के पुनर्वास के लिए आर्थिक मदद स्वीकृत की गई।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 1 अणे मार्ग स्थित ह्यसंकल्प सभागारह्व में मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी परिषद की 24वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में राहत कोष से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए।मुख्यमंत्री राहत कोष का उपयोग मुख्य रूप से आपदा और दुर्घटनाओं में प्रभावित लोगों की मदद के लिए किया जाता है। इसके अलावा भी जरूरतमंद लोगों को विभिन्न परिस्थितियों में आर्थिक सहायता दी जाती है। इस कोष की भूमिका लोगों के जीवन में काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। बैठक में एक बड़ा निर्णय लेते हुए राज्य के बाहर हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में बिहार के 89 मृतकों के आश्रितों और 41 गंभीर रूप से घायलों को सहायता देने के लिए राशि स्वीकृत की गई। इसके साथ ही राज्य के अंदर विभिन्न आपदाओं में 72 लोगों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों को अनुग्रह अनुदान देने के लिए कुल 4 करोड़ 70 लाख 50 हजार रुपये खर्च करने की मंजूरी दी गई।इसके अलावा बाढ़ राहत शिविरों में रहने वाले लोगों के लिए भी खर्च को स्वीकृति दी गई। शिविरों में जन्म लेने वाले बच्चों के लिए सहायता, तथा वहां रह रहे लोगों के लिए बर्तन और कपड़े खरीदने पर 38 लाख 19 हजार 70 रुपये खर्च किए गए, जिसे बैठक में मंजूरी दी गई। एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में 14 से 18 वर्ष के उन किशोरों के पुनर्वास के लिए सहायता दी गई, जिन्हें बाल श्रम से मुक्त कराया गया है। इन किशोरों के लिए 25 हजार रुपये प्रति व्यक्ति की दर से कुल 86 लाख रुपये श्रम संसाधन विभाग को दिए गए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत कोष का उद्देश्य आपदा या मुश्किल समय में लोगों को तुरंत मदद पहुंचाना है। यह कोष जरूरतमंदों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है और सरकार इसे और प्रभावी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। बैठक में आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद, प्रधान सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, अपर मुख्य सचिव डॉ बी राजेन्दर, सचिव अनुपम कुमार, स्वास्थ्य सचिव लोकेश कुमार सिंह, सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वित्त विभाग की सचिव (व्यय) रचना पाटिल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## दिल दहला देने वाली घटना ! हॉस्टल में 5 साल के मासूम की गला काटकर हत्या, गुस्साए लोगों ने एनएच किया जाम



एजेंसी। पटना

बिहार के जहानाबाद जिले से एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। जिले के एक प्राइवेट स्कूल के हॉस्टल में महज 5 साल के मासूम बच्चे की गला काटकर हत्या कर दी गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला, जिसके चलते लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और पटना-गया मुख्य मार्ग एनएच-22 को जाम कर दिया।मृतक बच्चे की पहचान कड़ौना थाना क्षेत्र के बुलाकी बिगहा गांव निवासी आशू कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, आशू को बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से करीब 10 दिन पहले ही उक्त प्राइवेट स्कूल के हॉस्टल में दाखिल कराया गया था। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि इतनी कम उम्र में बच्चे के साथ इतनी भयावह घटना घट जाएगी।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत हॉस्टल पहुंचे, जहां बच्चे को गंभीर हालत में पाया गया। गले पर गहरे जख्म के निशान थे, जिससे स्पष्ट हो रहा था कि उसकी बेरहमी से हत्या की गई है। आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में मातम पसर गया। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने कनौदी के पास एनएच-22 को जाम कर दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही और साजिश का आरोप लगाया। उनका कहना था कि हॉस्टल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नहीं थी, जिसकी वजह से यह दर्दनाक घटना घटी। लोगों ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की।सड़क जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जाम को हटवाया, जिससे यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका। हालांकि, स्थिति कुछ समय के लिए तनावपूर्ण बनी रही।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर

## गेहूं काटने को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, एक को लगी गोली कई लोग घायल

एजेंसी। पटना

बेगूसराय जिले में जमीनी विवाद को लेकर एक बार फिर खूनी संघर्ष की घटना सामने आई है। भगवानपुर थाना क्षेत्र के रसलपुर स्थित जोकिया बहियार में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और फायरिंग हुई, जिसमें एक व्यक्ति को गोली लगने की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार 9 कट्ठा जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। घायल निर्मल चौधरी ने बताया कि उक्त जमीन पर उन्हें कोर्ट से डिग्री प्राप्त है और उन्होंने अपनी जमीन पर गेहूं की फसल लगाई थी। आरोप है कि विरोधी पक्ष के सोनू चौधरी, प्रेम शंकर चौधरी, रामलाल चौधरी समेत अन्य लोग हथियार के बल पर जबरन गेहूं काटकर दाऊनी कर रहे थे। सूचना मिलने पर जब वे अपने लोगों के साथ खेत पर पहुंचे और इसका विरोध किया, तो पहले से तैयार दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियार से




हमला कर दिया। इसी दौरान फायरिंग भी शुरू कर दी गई, जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना में उपेंद्र चौधरी को गोली लगने की बात पुलिस द्वारा कही गई है। वहीं उमेश चौधरी (60 वर्ष), संतोष चौधरी, निर्मल चौधरी समेत अन्य लोग धारदार हथियार से हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दो घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही भगवानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। एसपी मनीष के निर्देश पर तेघरा डीएसपी कृष्ण कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं। सभी घायलों को परिजनों और पुलिस की मदद से बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद इलाके में दहशत और तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोषियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## एक नजर

### पटना में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 30 हजार बोतल कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद



**पटना ।** पटना में अवैध नशे के कारोबार पर पुलिस ने बड़ा प्रहार किया है। रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र में की गई छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त किया गया, जिससे नशे के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। मद्य निषेध टीम को 5 अप्रैल 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में एक कंटेनर के जरिए कोडीन युक्त सिरप की अवैध खेप पहुंचाई गई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना देर किए विशेष टीम बनाकर संदिग्ध स्थान पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 200 कार्टन में पैक करीब 30,000 बोतल “Eskuf cough syrup” बरामद किया। जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपए बताई जा रही हैयह सिरप एक ट्रांसपोर्ट गोदाम में रखा गया था और इसे अवैध रूप से बाजार में खपाने की तैयारी चल रही थी। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 22 वर्षीय मो. जमशेद के रूप में हुई है, जो मुरादाबाद का रहने वाला है। इसके अलावा, इस अवैध सप्लाई में इस्तेमाल किया गया कंटेनर (UP21CN 4799) भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने इस संबंध में कांड संख्या 332/26 दर्ज करते हुए Bihar Prohibition and Excise Amendment Act 2022 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों का कहना है कि इस रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है और जल्द ही पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई को राज्य में नशे के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### बिहार में नहीं थम रहा भूमि विवाद का मामला हिंसक झड़प में बुजुर्ग की मौत, मां-बेटी घायल

**बेतिया।** सरकार के लाख कोशिशों के बावजूद बिहार में जमीन विवाद का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला रामनगर थाना क्षेत्र के सोहसा फुलवरिया गांव का है, जहां सोमवार सुबह भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के नसरुद्दीन मियां और जय श्री राय उर्फ खोड़ा राय के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि रविवार रात कुछ लोगों द्वारा विवादित जमीन पर जबरन अवैध निर्माण किया जा रहा था, जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया। सोमवार सुबह यह विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि जय श्री राय और उनके परिजनों ने नसरुद्दीन मियां पर ईंट-पत्थरों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के पुत्र इस्लाम मियां ने बताया कि उनके पिता नसरुद्दीन मियां, मां शकीला खातून और बहन कुसुम खातून पर लाठी-डंडा व धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायलों को रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया। रास्ते में ही नसरुद्दीन मियां की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बगहा एसपी निर्मला कुमारी मौके पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार लोगों को हिरासत में लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### भीषण सड़क हादसे में बाप-बेटी की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल; स्कार्पियो-बाइक की हुई जोरदार टक्कर

**जहानाबाद ।** बिहार के जहानाबाद जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया. राष्ट्रीय राजमार्ग-22 पर टेहटा बाईपास के समीप तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां एक बेकाबू स्कॉर्पियो ने बाइक सवार एक परिवार को जोरदार टक्कर मार दी. हादसा इतना भयावह था कि युवक और उसकी मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि पत्नी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया. जानकारी के अनुसार सरेन गांव निवासी मृतक श्रवण कुमार अपनी पत्नी और बेटी के साथ बाइक पर सवार होकर टेहटा बाजार से अपने घर लौट रहे थे. जैसे ही वे बायपास पर पहुंचे, पटना से गया की ओर जा रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने विपरीत दिशा से आकर मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि श्रवण कुमार और बच्ची प्रिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि मृतक की पत्नी कंचन देवी गंभीर रूप से घायल हो गई. जिन्हे मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी भर्ती कराया गया है.जहां उनकी हालत नाजुक बताई जाती है. हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एन एच -22 को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया. सूचना मिलते ही एसडीओ राजीब रंजन सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझा जामकर हटवाया. पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेज दिया है।

## बिहार में मौसम का बड़ा बदलाव, 6 जिलों में ऑरेंज अलर्ट, तेज आंधी-बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी!

एजेंसी। पटना

बिहार में मौसम का मिजाज एक बार फिर तेजी से बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। राज्य के कई हिस्सों में जहां गर्मी और तेज धूप लोगों को परेशान कर रही है, वहीं कुछ जिलों में मौसम विभाग ने भारी बदलाव की चेतावनी जारी की है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आज यानी सोमवार को राज्य के 6 जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है। इस अलर्ट के तहत अगले 24 घंटों में तेज हवा, गरज-चमक के साथ बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों में मौसम अचानक खराब हो सकता है और तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश देखने को मिल सकती है। इसके चलते



प्रशासन और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। खासकर किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है, क्योंकि ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। वहीं दूसरी ओर, बिहार के बाकी जिलों में मौसम सामान्य बना रहेगा। अधिकांश इलाकों में आसमान साफ रहने और तेज धूप निकलने की संभावना है। दिन के समय तापमान में बढ़ोतरी भी दर्ज की जा सकती है, जिससे गर्मी का असर और अधिक महसूस होगा। मौसम विभाग ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में हल्की उमस भी लोगों को परेशान कर सकती है।मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी परिस्थितियों के कारण हो रहा है। इसके प्रभाव से कुछ इलाकों में बादल छाने और अचानक बारिश होने की स्थिति बन रही है, जबकि बाकी हिस्सों में शुष्क और गर्म मौसम बना रहेगा। इस तरह का मिश्रित मौसम बिहार में अक्सर प्री-मानसून या बदलते मौसमी दौर में देखने को मिलता है। ऑरेंज अलर्ट का मतलब होता है कि मौसम की स्थिति गंभीर हो सकती है और लोगों को पूरी तरह सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस दौरान प्रशासन को भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए जाते हैं। बिजली गिरने और तेज हवाओं के कारण पेड़ गिरने या बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी घटनाएं भी हो सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों में न रहें, पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें और सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। किसानों को सलाह दी गई है कि वे कटाई की गई फसलों को सुरक्षित स्थान पर रखें और खेतों में काम करते समय मौसम की स्थिति पर नजर बनाए रखें। राज्य में अगले 24 घंटे मौसम के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। एक तरफ कुछ जिलों में तेज बारिश और आंधी से राहत मिलेगी, तो दूसरी तरफ कई जिलों में बढ़ती गर्मी लोगों की परेशानी बढ़ा सकती है। कुल मिलाकर बिहार में मौसम का यह बदलता मिजाज लोगों को सतर्क रहने का संकेत दे रहा है। आने वाले दिनों में मौसम में और बदलाव देखने को मिल सकता है, इसलिए लोगों को ताजा मौसम अपडेट पर नजर बनाए रखने की जरूरत है।

## राघोपुर हिंसक झड़प मामले में डीएम वर्षा सिंह ने की कार्रवाई सीओ को हटाकर मांगा स्पष्टीकरण, विभागीय कार्रवाई शुरू

एजेंसी। पटना

जिस सीओ के सामने हिंसक झड़प हुई थी। उस अंचलाधिकारी पर डीएम ने एक्शन लिया है। सीओ को हटाते हुए उनसे डीएम ने स्पष्टीकरण मांगा है और साथ ही साथ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गयी है। मामला वैशाली के राघोपुर का है। जहां पिछले दिनों सीओ के सामने जिस तरह से हिंसक झड़प हुई और जमकर ईंट पत्थर चले। इस मामले को वैशाली डीएम वर्षा सिंह ने गंभीरता से लिया है। जिस सीओ के सामने यह सब हुआ उस सीओ को हटाते हुए विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। डीएम वर्षा सिंह ने राघोपुर अंचल में तैनात सीओ दीपक कुमार झा को वहाँ से हटा कर जिला लोक शिकायत में तैनात किया गया है साथ ही सीओ से




स्पष्टीकरण की मांग करते हुए प्रपत्र क की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। इस बारे में डीएम वर्षा सिंह ने बताया कि सभी सीओ को निर्देश दिया गया है कि जमीन मापी के दौरान पूरी सुरक्षा के साथ जाए।बता दे कि रुस्तमपुर में जमीन मापी के दौरान सीओ और पुलिस के सामने ही दोनो पक्ष में हिंसक झड़प हो गया था और पुलिस प्रशासन की टीम ने भाग कर अपनी जान बचाई थी।इस झड़प में दोनो तरफ से 15 लोग घायल हुए थे जिसका वीडियो भी सामने आया था।